इतिहास विभाग
शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर
अनूपपुर(म.प्र.)

दिनांक -21/08/2023

प्रतिवेदन

स्वाधीनता के अमृत महोत्सव के अंतर्गत महाविद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

शासकीय तुलसी महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा दिनांक 18 अगस्त 2023 को स्वाधीनता के अमृत महोत्सव के अंतर्गत महाविद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की थीम " **एक भारत, श्रेष्ठ भारत**"थी। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे. के. संत के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. संत ने कहा कि आज़ादी का अमृत महोत्सव पिछले 75 वर्षों में देश द्वारा प्राप्त की गईं अभूतपूर्व उपलब्धियों के लिए स्वयं पर गौरव करने का समय है। उन्होंने कहा कि जहाँ एक ओर अमृत महोत्सव उपलब्धियों पर गर्व करने का विषय है वहीं दूसरी ओर आने वाले 25 वर्ष देश के अमृत काल में नए लक्ष्य निर्धारित करने हैं और उन्हें प्राप्त करने के लिए कठोर परिश्रम और दृढ़ निश्चय की आवश्यकता है। अपने भाषणों के माध्यम से प्रतिभागियों ने भारतीय समाज के विकास में योगदान की महत्वपूर्ण बातें उजागर की। उन्होंने भारत को एक शक्तिशाली और सशक्त राष्ट्र की दिशा में अग्रसर करने के विचार साझा किए, इसमें राष्ट्रीय एकता, स्वतंत्रता के महत्व, और भारतीय संस्कृति के विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. अमित भूषण द्विवेदी, सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) एवं प्रो. कमलेश चावले, सहायक प्राध्यापक (राजनीतिशास्त्र) रहे। कार्यक्रम का संयोजकत्त्व प्रो. पूनम धांडे सहायक प्राध्यापक इतिहास ने किया। इस प्रतियोगिता में भाषण देने वाले प्रतिभागियों में **दीक्षा मिश्रा (बी.ए. प्रथम वर्ष) प्रथम स्थान, दीक्षा पांडे (एम.ए.प्रथम सेम.) द्वितीय स्थान, प्रियांशु अग्रवाल (बी.ए. प्रथम वर्ष) तृतीय स्थान,खुशी गुप्ता (बी.ए. प्रथम वर्ष)ने चतुर्थ स्थान** प्राप्त किया। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर " एक भारत, श्रेष्ठ भारत " थीम पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को समृद्धि और समृद्धि की दिशा में प्रेरित किया।

विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरुस्कार से सम्मानित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ जे. के. संत ने कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से हम अपने भारतीय गर्व को पुनः जीवंत करते हैं और

स्वतंत्रता के महान आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकेत देते हैं, और साथ ही युवाओं को समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनने की प्रेरणा देता है। आभार प्रो. प्रीती वैश्य सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) के द्वारा व्यक्त किया गया । प्राचार्य, निर्णायक दल एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने आयोजक इतिहास विभाग एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

Poster of Essay Competition

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत महाविद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता

विषय/थीम- एक भारत, श्रेष्ठ भारत

दिनांक -18.08.2023

प्रतिभागियों की सूची-

क्र.	नाम	कक्षा	मो.नं.
1.	दीक्षा मिश्रा	बी.ए. प्रथम वर्ष	9098452694
2.	दीक्षा पाण्डेय	एम. ए. प्रथम सेम.	9340067961
3.	खुशी गुप्ता	बी.ए. प्रथम वर्ष	9340710475
4.	निवेदिता दाहिया	बी.ए. प्रथम वर्ष	7440432739
5.	पारस केवट	बी.ए. प्रथम वर्ष	8805074876
6.	प्रियांशु अग्रवाल	बी.ए. प्रथम वर्ष	7747947061
7.	ओम उपाध्याय	बी.ए. द्वितीय वर्ष	626627749

Pictures of Participation

Pictures of Participation



Certificate Destribution



शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर(म.प्र.)
स्वाधीनता का अमृत महोत्सव 18.08.2023

प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि
श्री/श्रीमती/कु.____________________________________ने स्वाधीनता के अमृत महोत्सव के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता में________स्थान प्राप्त किया/ सहभागिता किया।
हम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

पूनम धांडे
संयोजक

डा.जे.के.संत
प्राचार्य

Certificate

Group Picture

Group Picture

प्रचार प्रसार –

महाविद्यालय वेबसाइट लिंक- gtcanuppur.ac.in

फेसबुक लिंक - https://www.facebook.com/100045502399397/posts/828110675382338/?app=fbl